आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 11.09.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **तेज बारिश और बाढ़ से दुर्ग और राजनांदगांव जिले के कई गांव अभी भी प्रभावित–अनेक मार्गों पर आवागमन बाधित हुआ है।**
- **राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कल से लेकर तेईस सितंबर तक प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में वजन त्यौहार मनाया जाएगा।**
- **मुख्यमंत्री ने आज रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन में वन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ वन शहीद स्मारक का अनावरण किया।**
- **रायपुर जिले के अभनपुर और जशपुर जिले के पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने की अधिसूचना जारी हुई।**

**बारिश–01**

प्रदेश में बीते दो–तीन दिनों से जारी बारिश के चलते कई जिलों में नदी–नाले उफान पर हैं। दुर्ग में शिवनाथ नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ढाई फीट ऊपर है। नदी किनारे बसे करीब एक दर्जन से ज्यादा गांवों में पानी भर गया है। एसडीआरएफ की टीम द्वारा बाढ़ में फंसे सौ से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह है कि मोंगरा, घुमरिया, सूखानाला और खातूटोला जलाशयों से शिवनाथ नदी में पानी की आवक बंद हो चुकी है, जिससे नदी का जलस्तर कम होने की संभावना है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि पुलगांव थाना क्षेत्र में सड़क के ऊपर से पानी बहने के कारण आवागमन बंद कर दिया गया है। इसके अलावा धमधा और पाटन में निपानी के पास पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण इस मार्ग पर भी आवागमन बंद कर दिया गया है। इधर, महमरा एनीकट से अभी भी साढ़े पंद्रह फीट ऊपर पानी बह रहा है। इसके कारण अछोटी, थनोद, मेडेसरा, सिल्ली, हिर्री, झेंझरी, चांगोरी, छोटी और महमरा सहित अन्य गांवों के निचले इलाकों में पानी घुस गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य किए जा रहे हैं। वहीं, राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव में लगातार हो रही बारिश ने ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ा दी है। कई नदी–नाले ऊफान पर हैं। निचली बस्तियों में भी पानी भर गया है। नदियों में बहाव तेज होने से बाढ़ की स्थिति बन गई है। इसके कारण बादराटोला, पांडुका, करेठी, केरेगांव, बम्हनी और भाठा गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया है। मटिया मोती और मोंगरा बैराज से पानी छोड़ने के कारण आसरा के आश्रित गांव अड़ाम की बस्तियां डूब गई हैं। करीब पच्चीस परिवारों को यहां से एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर सामुदायिक भवन और स्कूलों में ठहराया है।

**बारिश–02**

मोहला–मानपुर जिले के गट्टेगहन गांव में स्थित नदी में सालभर पहले बना पुल भारी बारिश के कारण टूट गया है। इसके कारण महाराष्ट्र की सीमा से लगे संबलपुर गांव समेत बुकामरका और सुड़ियाल से सड़क संपर्क टूट गया है।

**पीएम आवास योजना–राशि**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की पंद्रह तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को दो हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए जायेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और लाखों लोग ऑनलाइन जुड़ेंगे।

## राष्ट्रीय पोषण माह

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कल से लेकर तेईस सितंबर तक प्रदेश की सभी आंगनबाड़ियों में वजन त्यौहार मनाया जाएगा। वजन त्यौहार के दौरान लिए गए बच्चों के वजन सहित अन्य विवरण को महिला और बाल विकास विभाग के मोबाइल ऐप पर दर्ज किया जाएगा। इसी तरह, पोषण माह के दौरान सुपोषण चौपाल, अन्नप्राशन दिवस, परिवार चौपाल, पोषण मेला, व्यंजन प्रदर्शन जैसे आयोजन पंचायत और शहरी क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। पोषण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में नारा लेखन, निबंध, चित्रकला और दीवार लेखन स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। साथ ही स्वस्थ बालक–बालिका प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत ग्राम पंचायत के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों और शालाओं में पोषण वाटिका भी विकसित की जा रही है।

गौरतलब है कि प्रदेश में एक से तीस सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह संचालित किया जा रहा है। इस दौरान एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक पोषण आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदाय के लिए तकनीक का प्रयोग और समग्र पोषण पर ध्यान केंदित किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन पहुंचकर वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वन शहीदों की स्मृति में वन शहीद स्मारक का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वन शहीदों की शहादत हमें पर्यावरण संरक्षण की महत्ता और इसे संरक्षित करने की याद दिलाता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री, वन मंत्री केदार कश्यप और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने पिता की स्मृति में पौधा भी लगाया।

## अभनपुर/जशपुर–नगर पालिका

राज्य शासन द्वारा रायपुर जिले के अभनपुर नगर पंचायत को नगर पालिका परिषद गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत अभनपुर की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद अभनपुर की सीमाएं होंगी। वहीं, जशपुर जिले की नगर पंचायत पत्थलगांव को नगर पालिका बनाने के लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के तहत नगर पंचायत पत्थलगांव की सीमाएं ही नगर पालिका की सीमा होगी। इस संबंध में लोगों से इक्कीस दिनों के भीतर दावा–आपत्ति मांगी गई है।

## सरगुजा प्लांट हादसा–मुआवजा

सरगुजा जिले के सिलसिला गांव में संचालित एल्युमीनियम प्लांट में बीते आठ सितंबर को हुए हादसे में मृतकों के परिजनों को कंपनी ने पंद्रह–पंद्रह लाख रूपए की मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। वहीं, घायलों को तीन–तीन लाख रूपए की राशि दी जाएगी। कंपनी के अधिकारी कल परिजनों को यह राशि सौंपेंगे। कलेक्टर ने आज जांच दल के साथ इस प्लांट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को हादसे में मृत और घायल परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि सौंपने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की अनुमति के बिना प्लांट को फिर से शुरू नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते आठ सितंबर को इस प्लांट में हुए हादसे में चार श्रमिकों की मौत हो गई थी।

## मुख्यमंत्री–कार्टून फेस्टिवल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में आयोजित कार्टून फेस्टिवल में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि कार्टून एक ऐसी कला है, जिसके द्वारा बहुत थोड़ी जगह में पूरी बात को स्पष्टता के साथ व्यंगात्मक ढंग से व्यक्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि कभी–कभी सम्पादकीय में जिस बात को आधे पेज में लिखा जाता है, उसे सिर्फ एक कार्टून के माध्यम से व्यक्त कर दिया जाता है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इंदौर के कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी को कार्टून क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कार्टून फेस्टिवल में संत श्री तुलसीदास जी के दोहों पर आधारित कार्टून पुस्तक 'तुलसी सुगंध' का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कार्टून वॉच के संपादक त्रयम्बक शर्मा सहित कई कार्टूनिस्ट और पत्रकार उपस्थित थे।

**चक्रधर समारोह**

रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित चक्रधर समारोह में कल ग्रैमी अवार्ड विजेता राकेश चौरसिया ने अपने सहयोगी रूपक भट्टाचार्य के साथ बांसुरी वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं, रायपुर के अकॉर्डियन कलाकार तपसीर मोहम्मद और उनकी टीम ने कई प्रसिद्ध गीतों की इंस्ट्रुमेंटल धुन बजाई। इस कार्यक्रम में आठ वर्ष से लेकर सतहत्तर वर्ष की उम्र के कलाकार शामिल हुए। वहीं, आज से रायगढ़ के रामलीला मैदान में अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता भी शुरू हुई। शुभारंभ अवसर पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे।

**ओजोन परत संरक्षण दिवस**

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा सोलह सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पोस्टर और इन्वायरोथॉन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम, **''मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल–एडवांसिंग क्लाईमेट एक्शन''** रखा गया है। इन प्रतियोगिताओं में स्कूली और महाविद्यालयीन छात्र–छात्राएं भाग लेंगे। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय 'जलवायु परिवर्तन के कारण और निदान' रखा गया है। वहीं, इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता का विषय **"ट्रैश टू ट्रेजर"** रखा गया है।

**अडाणी फाउंडेशन–पौधारोपण**

अडाणी फाउंडेशन की ओर से रायपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अडाणी ग्रुप की ओर से मोहरेंगा में पांच हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में मोहरेंगा के गौठान में पच्चीस सौ पौधे लगाए गए। इस दौरान ग्रामीणों और प्लांट के कर्मचारियों ने अपने द्वारा लगाए गए पौधों की रक्षा करने की शपथ ली।

**संक्षिप्त समाचार**

– केंद्रीय शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू आज नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शहरी मामले संस्थान की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में सीआईटी आईआईएस के दूसरे चरण की समीक्षा की गई। इसके तहत अट्ठारह शहर चुने गए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ का बिलासपुर भी शामिल है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल बारह सितंबर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू में जुलाई सत्र में ओडीएल या ऑनलाइन मोड में सभी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि दस सितंबर से बढ़ाकर बीस सितंबर कर दिया गया है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर के वरिष्ठ पत्रकार कमल दुबे के निधन पर दुःख प्रकट किया है। कमल दुबे दूरदर्शन केंद्र रायपुर के संवाददाता थे।

– छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष शर्मा का आज सुबह निधन हो गया। उन्होंने लंबे समय तक प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री का पद संभाला। पूर्व
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

– बिलासपुर जिले के धूमा–सिलपहरी मार्ग पर बीते सोलह जुलाई को सड़क दुर्घटना में मारे गए गौवंश के मालिकों का पता बताने वालों को पुलिस ने पांच हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>